त्रिलोचन महापात्र, पीएच.डी.
एफ एन ए, एफ एन ए एस सी, एफ एन ए ए एस
सचिव एवं महानिदेशक

TRILOCHAN MOHAPATRA, Ph.D.
FNA, FNASc, FNAAS
SECRETARY & DIRECTOR GENERAL

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली 110 001

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION
AND
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
KRISHI BHAVAN, NEW DELHI 110 001
Tel.: 23382629; 23386711 Fax: 91-11-23384773
E-mail: dg.icar@nic.in

अपील

यह सर्वविदित है कि हिन्दी ने देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और स्वतंत्रता आंदोलन में संदेशों के आदान-प्रदान एवं भाषायी सद्भाव का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया था। हिन्दी की उल्लेखनीय भूमिका, योगदान एवं लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए इसे 14 सितंबर, 1949 को संघ की राजभाषा घोषित किया गया था। अतः केन्द्र सरकार के कार्यालयों में प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत सरकार की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा व प्रोत्साहन है। मुझे खुशी है कि परिषद व इसके संस्थानों में राजभाषा हिन्दी में कार्य उत्साहपूर्वक किया जा रहा है और हमने हिन्दी के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। गृह मंत्रालय की विभिन्न पुरस्कार योजनाओं के अंतर्गत हमारे संस्थानों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं, अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार पुरस्कार प्राप्त कर रहे है।

परिषद व इसके सभी संस्थानों में हम 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाते हैं। मैं आप सबको हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं व बधाई देता हूं और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि स्वेच्छा एवं समर्पण की भावना से राजभाषा नीति का पालन करें। विशेषकर अधिकारियों से मेरा आग्रह है कि अपने प्रत्येक शासकीय कार्य में सरल हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग कर अपने अधीनस्थों को भी हिन्दी के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। हम सभी इस अवसर पर संकल्प लें कि हिन्दी को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मैं परिषद व इसके संस्थानों में इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं समारोहों की सफलता की कामना करता हूं।

त्रि. महापात्र
(त्रिलोचन महापात्र) 02/09/16